तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

10 नन्हे कलाकारों ने कुरूद में निकाली मिनी झांकी



12 महानगरों की तर्ज पर कुरुद में आयोजित हुआ ट्रेडिशनल प्रोग्राम





## खबर संक्षेप

### बिजली बिल के विरोध में युकां का आज प्रदर्शन

**कुरुद।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा बढ़े हुए बिजली दरों के विरोध में प्रदेश स्तरीय चरणबद्ध आंदोलन कर प्रदर्शन किया जा रहा है जिसके तहत 6 अक्टूबर को कुरूद में दोपहर 3 बजे से विशाल मशाल रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस नवनियुक्त प्रभारी अमित सिंह पठानिया एवं सहप्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे और छग प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा सम्मिलित होंगे। युकां विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत साहू ने बताया कि बढ़े हुए भारी बिजली दरों के विरोध में जिला धमतरी एवं कुरूद विधानसभा युवा कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में कुरूद बिजली ऑफिस में तालाबंदी करके बस स्टैण्ड से पुराना बाजार चौक तक विशाल मशाल रैली निकाली जायेगी। जिसके पश्चात पुराना बाजार चौक में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ का शपथ ग्रहण 8 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं जिले के मनोनीत सदस्य, तहसील शाखा के अध्यक्षों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह 8 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे कर्मचारी भवन धमतरी में मासिक बैठक के साथ होगा। रायपुर संभाग के जिला शाखा अध्यक्षों की संभागीय बैठक राजेंद्र चंद्राकर संभागीय अध्यक्ष रायपुर की अध्यक्षता में होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ डीपी मनहर प्रांतीय अध्यक्ष होंगे। अध्यक्षता कृष्णकांत द्विवेदी प्रांतीय उपसंरक्षक अध्यक्ष जिला शाखा जगदलपुर करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि रतनलाल कैवर्थ एवं विशिष्ट अतिथि रुपेश तिवारी प्रांतीय प्रवक्ता बागबाहरा होंगे। इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु के सदस्य गणेशराव पवार मुख्य संरक्षक, बलवंतराव पवार उपसंरक्षक, झुमुकलाल साहू, यशवंत राव शिंदे, कृपाराम गजेंद्र संरक्षक त्रय, उद्यो सोनी एवं लालाराम मगेंद्र का सम्मान किया जायेगा। सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा राजेंद्र चंद्राकर, होलाराम परिहा, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, ईश्वरी दयाल साहू, यशकरण सिंह गजेंद्र, हनुमान सिंह वर्मा, लालाराम मागेंद्र एवं डॉ भारती राव ने की है। यह जानकारी अरुण गौर जिला महासचिव ने दी है।

### आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 13 से

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में बीए, बीकॉम, बीएससी (बायो एवं गणित) प्रथम सेमेस्टर में पंजीकृत स्वाध्यायी छात्राओं की प्रथम सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 13 से 15 अक्टूबर तक आयोजित है।

---

सिंचाई के लिए मुख्य नहर में छोड़ा 23 टीएमसी, महानदी में 5 टीएमसी पानी हुआ फ्लड

# गंगरेल बांध की जितनी क्षमता उतना पानी पचास दिन में बह गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अगस्त माह के 13 तारीख से 5 सितंबर सुबह तक गंगरेल बांध से 31.625 टीएमसी पानी डिस्चार्ज हो गया है। वहीं इस बांध में अभी जलभराव 31.916 टीएमसी है। यानी 50 दिन में बांध के कुल क्षमता का पानी छोड़ा जा चुका है। सबसे अधिक 23 टीएमसी पानी सिंचाई के लिए मुख्य नहर के माध्यम से दिया गया है।

कौंआ, मेंढक, चीटी आदि जीव जंतु के चाल चलन को देखकर बारिश का अनुमान लगाने वाले बुजुर्गों का कहना है कि इस साल बारिश दीपावली तक होगी। ऐसे में जब जब बारिश होगी तब तब गंगरेल बांध का गेट खुलेगा और जैसे जैसे बारिश थमेगी गेट बंद होते जाऐगा। वजह गंगरेल डैम लबालब है। पानी की आवक के हिसाब से गेट बंद चालू होते रहेगा। सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को बांध में पानी की आवक 11 हजार क्यूसेक हो रही थी, जबकि करीब 3 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। रात में कैचमेंट एरिया से आवक 16 हजार क्यूसेक से अधिक होने पर 6 गेटों के माध्यम से 17600 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। आवक घटने के बाद 6 में से 4 गेट बंद कर दिया गया है। रविवार शाम 6 बजे गंगरेल कंट्रोल रुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार बांध में पानी लाल निशान से महज 6 सेमी नीचे है। पानी की आवक 7180 क्यूसेक तथा जावक 5775 क्यूसेक हो रही है। मुख्य रेडियल गेट नं 7 एवं 8 से 4500 क्यूसेक तथा इलेक्ट्रिसिटी वाले पेनस्टाक गेट से 1650 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।



### 32 अरब क्यूबिक फीट पानी डिस्चार्ज

अगस्त माह में वर्षा की कमी से खेतों पर दरार पड़ने की नौबत आ गई थी। किसानों की ओर से पानी की डिमांड पर 13 अगस्त को गंगरेल बांध से सिंचाई के लिए मुख्य गेटों के माध्यम से नहर में पानी छोड़ा गया। यह अब तक जारी है। सिंचाई विभाग के अनुसार मुख्य नहर में सिंचाई के लिए 22.652 टीएमसी पानी यानी करीब 23 अरब क्यूबिक फीट पानी जा चुका है। 4.761 यानी करीब 5 अरब क्यूबिक फीट पानी महानदी में बहाया गया है। 2.688 टीएमसी पानी भिलाई नहर के माध्यम से छोड़ा गया है। रायपुर-धमतरी पेयजल निस्तारी के लिए लगभग 1.5 टीएमसी पानी दिया जा चुका है। पेयजल, निस्तारी के लिए जा रहा पानी 1 जून से अब तक का है।

### गंगरेल पर्यटन के लिए उमड़ रहे है लोग

बांध लबालब होने और गेट खुलने के बाद गंगरेल पर्यटन के लिए छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेशों से सैलानी गंगरेल पहुंच रहे है। देवी स्थल, वाटर स्पोर्टस, सैंड बीच तथा गार्डन पर्यटको से गुलजार है। बांध के गेट से पानी छूटने का नजारा लेने व्यू पाइंट पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। रविवार को मां अंगारमोती में विशेष मन्नत देने दर्जनों की संख्या में विभिन्न क्षेत्र से पारिवारिक लोग पहुंचे। पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि सावन माह से माता के दरबार में विशेष मन्नत देने का कार्यक्रम स्थगित रहता है। दशहरा के बाद विशेष मन्नत देने का सिलसिला शुरु हो गया है। रविवार को बड़ी संख्या में मां के दरबार में लोगों ने अर्जी लगाई।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए दर्जनभर युवा नेता दावेदार, अंडर 50 को मिलेगा मौका

- केंद्रीय पर्यवेक्षक दल जिले का दौराकर कर रही रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को आदेश और पीसीसी के मार्गदर्शन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष की चयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। केंद्रीय पर्यवेक्षक रेहाना रियाज चिश्ती ने धमतरी आने के बाद जिले के युवा नेता दावेदारी को लेकर सक्रिय हो गए हैं। इधर केंद्रीय पर्यवेक्षक ने वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेस भवन में बैठक लिया। अब वे सभी ब्लाकों का दौरा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करेंगे। उन्होंने पहले ही पर्यवेक्षक ने साफ शब्दों में कह दिया है कि एक बार बागी हो चुके नेता को मौका नहीं दिया जाएगा। तथा अंडर 50 का जिलाध्यक्ष बनाने पर जोर दिया है। उसके इस व्हिप के बाद 50 प्रतिशत योग्य बुजुर्ग एवं वरिष्ठ नेता तथा बागी होकर कांग्रेस के बाहर गए फिर कांग्रेस वापसी करने वालों का सपना चकनाचूर हो गया। फिलहाल जिले के युवानेता के हाथों में बागडोर आने की संभावना है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए पूरे जिले से दर्जनभर दावेदार है जो रणनीति से गोटी बिठाने में लगे हैं।

बता दें कि कांग्रेस पार्टी में 6 साल बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष का चुनाव होना है। केंद्रीय दल सीधे कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। इस प्रक्रिया का उद्देश्य जिले को एक जुझारू नेता देना है जो कांग्रेस संगठन को मजबूती दे सके।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए नीशु चंद्राकर का नाम सबसे प्रबल दावेदार के रूप में सामने आ रहा है। नीशु ने अपनी दावेदारी पेश कर दी है। बता दे कि छात्र जीवन से ही नीशु ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामकर छात्रहित में सैकड़ों काम किए। एनएसयुआई जिलाध्यक्ष के रूप में नीशु ने जिले में संगठन को मजबूत बनाया। श्री चंद्राकर मिलनसार प्रवृत्ति और समन्वय क्षमता तथा तेजतर्रार नेता के रूप में जाने जाते है। जिपं उपाध्यक्ष के रूप में प्रभावशाली कार्य किया। पार्टी के भीतर व्यापक स्वीकार्यता है।

कुरूद की तारिणी नीलम चंद्राकर कांग्रेस की युवानेत्री हैं। पति नीलम चंद्राकर कांग्रेस के कद्दावर नेता है। तारिणी पूर्व जिपं सदस्य, पीसीसी सचिव सहित अनेक पदों पर रहकर जनता और महिलाओं के बीच काफी लोकप्रिय नेता है। साफ सुथरा एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व के कारण पार्टी में उनकी गहरी पैठ है।

तपन चंद्राकर कुरूद के जाने माने कांग्रेस नेता है। उनकी छवि जुझारू, संघर्षशील नेता की है। नपा अध्यक्ष के रूप में जनता के बीच काफी लोकप्रिय रहे हैं। कई विकास कार्य करवाए हैं। नेतृत्व क्षमता काफी प्रभावशाली है। अंचल में जनता के बीच सर्वमान्य नेता है।

विजय देवांगन धमतरी के पूर्व महापौर हैं, उन्होंने अपने कार्यकाल में धमतरी निगम क्षेत्र में काफी विकास करवाया है। तीन दशक से कांग्रेस संगठन से जुड़कर महामंत्री, कार्यकारी जिलाध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके हैं। संगठन में उनकी अच्छी पकड़ है। प्रदेशस्तर के नेताओं के बीच वे काफी लोकप्रिय है। निर्विवाद छबि के कारण जनता दिल से चाहती है।

नगरी क्षेत्र से राजेंद्र सोनी जिलाध्यक्ष पद के मजबूत दावेदार माने जा रहे है। राजेंद्र को प्रशासनिक और संगठनात्मक कार्यों का अनुभव है। वे नगरी विधानसभा सहित जिले की अन्य विधानसभा में कांग्रेसियों के बीच अपनी पकड़ रखते हैं। मंडी अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, चुनावों में प्रभारी रहे राजेंद्र का कहना है कि इस बार सिहावा नगरी को मौका दिया जाना चाहिए।

कांग्रेस पार्टी के आशीष थिटे कांग्रेस संगठन में लंबे समय से जुड़े हैं। संगठन के विभिन्न पदों पर रहकर कांग्रेस पार्टी की सेवा की है। जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं। साफ छवि के नेता के रूप जाने जाते है। शीर्ष नेताओं के बीच अच्छी पहचान बनी हुई है। संगठन का लंबा अनुभव है।

भखारा क्षेत्र के भरत नाहर अंचल में काफी लोकप्रिय नेता है। नपा भखारा के अध्यक्ष, संगठन के विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी और जनता की काफी सेवा की है। उन्होंने अपने क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को काफी मजबूती दिलाई है। कार्यकर्ताओं के बीच मिलनसार और शांत प्रवृति के नेता के रूप में जाने जाते है।


नीशु चंद्राकर


तारिणी चंद्राकर


तपन चंद्राकर


विजय देवांगन


राजेन्द्र सोनी


भरत नाहर


आशीष थिटे



### कार्यकर्ताओं का संदेश : जुझारू नेता हो

इस बार कार्यकर्ताओं का कहना है कि कांग्रेस पार्टी को ऐसा अध्यक्ष चाहिए जो युवा, जुझारू और ईमानदार हो। सक्रिय होकर जमीन से जुड़कर कार्यकर्ताओं की बात सुनें। जनता से सीधा संवाद करे। वर्तमान राजनीतिक माहौल में कांग्रेस को पुनः मजबूत करने वाला नेतृत्व जरूरी है। जो संघर्षशील हो, जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाए। संगठन को नई उर्जा दें। पूर्व की भांति पैराशूट अध्यक्ष नहीं चाहिए। जो बंद कमरे में फैसला लेते हो। इधर पर्यवेक्षक 22 अक्टूबर को अलाकमान को नामों की सूची सौपेंगी।

### वर्षा गतिविधि कम होने के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोमवार के बाद पूरे प्रदेश में वर्षा वितरण और तीव्रता में कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा वेरावल, भरूच, उज्जैन, झांसी, शाहजहांपुर से होकर गुजर रही है। उत्तर पूर्व बिहार और आसमान क्षेत्र में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। उत्तर बिहार के क्षेत्रों से झारखण्ड होते हुए उत्तर दक्षिण तक द्रोणिका बनी हुई है। तटीय आंध्रप्रदेश से रायल सीमा होते हुए तमिलनाडू कामोरिन क्षेत्र तक एक और द्रोणिका बनी हुई है। सोमवार को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। एक दो स्थानों पर वज्रपात की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री से 24 डिग्री के आसपास रहेगी।

# मराठापारा बस्ती में आज संघ का निकलेगा भव्य पथ संचलन

- विजयादशमी उत्सव पर मराठापारा, बांसपारा, सदर दक्षिण वार्ड के स्वयंसेसवक करेंगे शस्त्रपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर मराठापारा बस्ती में संघ का आज भव्य पथ संचलन निकाला जायेगा। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में 6 अक्टूबर को मराठापारा बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मराठापारा बस्ती में शामिल मराठापारा, बांसपारा, सदर दक्षिण वार्ड के स्वयंसेसवक शस्त्रपूजन कर अपनी बस्ती में पथ संचलन निकालेंगे।



नगर की सबसे पुरानी शाखा शिवाजी शाखा नूतन स्कूल में मराठापारा बस्ती के स्वयंसेवक सोमवार को दोपहर 2.30 बजे पथसंचलन के लिए एकत्रित होंगे। दोपहर 3 बजे पथ संचलन प्रारंभ होगा। स्वयंसेवक नूतन स्कूल परिसर से संचलन प्रारंभ कर बांसपारा, मराठापारा, रामबाग से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुचेंगे। तत्पश्चात 15 मिनिट के ब्रेक के बाद संध्या 4 बजे मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रशेखर देवांगन, प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ होंगे। वहीं अध्यक्षता धमतरी मराठा समाज के अध्यक्ष दीपक लोंढे करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र एवं जिला संघचालक श्याम अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिष्ट ने दी है।


## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

**एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित**

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

.................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम .................................
2. पिता/पति का नाम .................................
3. जन्मतिथि अंकों में .................................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग .................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित .................................
   मोबाइल नंबर .................................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है .................................
7. शैक्षणिक योग्यता .................................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।


धनवंतरी मेडिकल स्टोर को नहीं मिल रहा रिस्पांस

# मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने का कांसेप्ट फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सस्ते में मरीजों को दवाईयां उपलब्ध कराने वाले धनवंतरी मेडिकल स्टोर की सेहत खराब है। शुरूआती दौर में इस मेडिकल स्टोर का जोर शोर से प्रचार किया गया। इसके बाद इन मेडिकल स्टोर को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है। स्थिति यह है कि दिन भर में यहा 25-30 ग्राहक ही आते हैं, वे रेगुलर ग्राहक हैं। नए ग्राहक तो नहीं के बराबर आते हैं।

आज के समय में लोगों की लाइफस्टाइल बिगड़ी हुई है। ऐसे में एक उम्र के बाद लोग कई प्रकार के बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। जिन घरों में बच्चे और बुजुर्ग रहते हैं, वहां का हास्पीटल और मेडिकल का बिल तो राशन के बिल के बराबर पहुंच जाता है। लोगों की इस समस्या का समझते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस के शासन काल में लोगों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में कई स्थानों पर धनवंतरी मेडिकल स्टोर खोले गए हैं। इन मेडिकल स्टोर में जेनरिक दवाएं 50 प्रतिशत से ज्यादा डिस्काउंट पर मिल जाती है। शुरूआती दौर में इस मेडिकल स्टोर में दवा लेने वालों की अच्छी संख्या थी, लेकिन अब धीरे धीरे ग्राहकों की संख्या कम होती जा रही है। इस मेडिकल स्टोर में अब सिर्फ पुराने ग्राहक ही आते हैं। वे भी आसपास के रहने वाले हैं। प्रचार प्रसार के अभाव में नए ग्राहक यहां नहीं आ रहे हैं। लोग इस मेडिकल स्टोर को भूल चुके हैं, जिसके चलते वे सस्ती दवा की सुविधा से वंचित हो रहे हैं।



### खेल मैदान में मेडिकल स्टोर, पहुंच से दूर

शहर में एक धनवंतरी मेडिकल स्टोर बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में खोला गया है, जहां पर सिर्फ खिलाड़ी आते हैं। शहर के अधिकांश लोगों को पता नहीं है कि यहां पर सस्ती दवाईयां मिलती है। इस कारण मेडिकल स्टोर संचालक को नुकसान उठाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार मेडिकल स्टोर में लगभग सभी प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। यह मेडिकल स्टोर बाजार से काफी दूर है, जिसके चलते लोग यहां नहीं पहुंच पाते हैं। आसपास के लोग ही यहां दवा लेने आते हैं।

### डाक्टर नहीं लिखते जेनरिक दवाएं

सरकारी डॉक्टरों को स्पष्ट निर्देश है कि वे पर्ची में जेनरिक दवाएं लिखें, परंतु डॉक्टर ब्रांडेड दवाएं ही लिख रहे हैं। धनवंतरी मेडिकल स्टोर के कांसेप्ट फेल होने का प्रमुख कारण डॉक्टरों द्वारा जेनरिक दवा का नहीं लिखा जाना है। कुछ मामलों में इस मेडिकल स्टोर में पर्ची में लिखी दवाओं का फार्मूले वाली जेनरिक दवाएं दी जाती हैं। परंतु कई महत्वपूर्ण दवाओं को नहीं बदला जाता है।

## देशप्रेम, धार्मिक एवं सामाजिक जागरूकता का दिया संदेश

# नन्हे कलाकारों ने कुरुद में निकाली मिनी झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

श्री कृष्ण मित्र मंडली गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में शनिवार शाम को मिनी झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जो कि गांधी चौक से राधा कृष्ण मंदिर तक निकाली गई। इस दौरान नगर की बाल प्रतिभाओं ने अपनी कला, कौशल और हुनर का प्रयोग करते हुए काफी आकर्षक ,मनमोहक और नयनाभिराम झांकी निकाली।

इन झांकियों में देशप्रेम, धार्मिक प्रसंग और सामाजिक जागरूकता से



जुड़ा संदेश प्रदर्शित हो रहा था। इन झांकियों में धुमाल और डीजे का प्रतीकात्मक रूप बनाया था जो आकर्षण का केंद्र बना रहा । इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं को पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर आयोजक समिति द्वारा बनाए गए मंच से मुख्य अतिथि बोल बम सेवा समिति और वंदे मातरम परिवार के अध्यक्ष भानु चंद्राकर ने झांकियों का स्वागत करते हुए बच्चों की शानदार प्रस्तुति और प्रतिभाओं की तारीफ की। नन्हे कलाकारों के इस हुनर को देखने बड़ी संख्या में वार्ड सहित नगरवासी उपस्थित थे।







## महापौर ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला





■ इंडोर स्टेडियम में ओपन कराते टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी कराते एसोसिएशन द्वारा इंडोर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय ओपन कराटे टूर्नामेंट का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा ने किया।

अपने उद्बोधन में श्री रोहरा ने कहा कि कराते जैसे खेल युवाओं को सशक्त बनाते हैं और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। खेलों से जीवन में अनुशासन और ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि स्वच्छ वातावरण ही अच्छे खिलाड़ी का निर्माण करता है। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी विभिन्न आयु वर्गों में हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता दो दिन तक चलेगी और समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। महापौर ने खिलाड़ियों को बड़ी सौगात देते हुए घोषणा की कि 5 करोड़ रुपये की लागत से नया आधुनिक इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग मिलेगा।

इस अवसर पर पार्षद कुलेश सोनी, प्रशिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### साहू समाज खिसोरा परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने रामचरण



**मगरलोड।** साहू विकास समिति परिक्षेत्र खिसोरा का चुनाव कार्यक्रम मधुबन धाम रांकाडीह में 3 अक्टूबर शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम गाड़ाडीह निवासी रामचरण साहू को अध्यक्ष पद से नवाजा गया। ग्राम बोडरा निवासी टेकराम साहू को उपाध्यक्ष, ग्राम बोडरा निवासी श्रीमति दामिनी साहू को महिला उपाध्यक्ष, ग्राम सांकरा निवासी भोजराम साहू को संगठन सचिव व ग्राम कपालफोड़ी निवासी श्रीमति दमयंतीन साहू को महिला संगठन सचिव की कमान सौंपी गई। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को साहू विकास समिति परिक्षेत्र खिसोरा के स्वजातीय लोगों ने बधाई प्रेषित की है।

### भावसिंह सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष बने



**धमतरी।** सतनामी समाज की जिला स्तरीय बैठक डोंगेश्वर धाम देवपुर में आयोजित की गई। बैठक में समाज की एकता और संगठन को मजबूती पर जोर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से भावसिंह डहरे को जिला अध्यक्ष और विजय सोनवानी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया।

### नारी शक्ति धर्म की स्थापना में अग्रणी : दीपक सिंह



**धमतरी।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर पोटियाडीह में मां दुर्गा आयोजन समिति द्वारा धार्मिक नाट्य मंचन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हिंदू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नारी समाज की आदर्श स्वरूप है और उसकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। आज के समय में नारी सम्मान व सुरक्षा चिंतन का विषय है। समाज को संगठित होकर अवैध गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे प्रभु श्रीराम ने शक्ति की आराधना कर रावण का वध किया, वैसे ही हमें भी मातृशक्ति के साथ मिलकर सामाजिक बुराइयों का अंत करना चाहिए। मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध की कथा इस बात का प्रतीक है कि नारी शक्ति धर्म की स्थापना में अग्रणी है। कार्यक्रम में अमरदीप महाजन, रविंद्र बंजारे, जतिन देवांगन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सेमरा बी में रामलीला मंचन के साथ किया रावण का दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम सेमरा (भखारा) में विजयदशमी पर्व भारी बारिश के बीच धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बाल-लीला मंडली एवं ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा दूसरे साल भी श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और रावण का डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो आकर्षण का केंद्र रही। जिसके बाद कलाकारों ने रामलीला का मंचन कर करीब 11 फीट रावण के पुतले का बारिश के बीच दहन किया।

ग्राम पंचायत, ग्राम विकास समिति सहित समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सेमरा (भखारा) में गुरुवार को को विजयदशमी पर्व



हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दुर्गा विसर्जन के पश्चात ठाकुर चौक से श्रीराम सेना और लंकापति राक्षक राज रावण के 11 फिट बने चलित पुतला और उसके सेना का शोभायात्रा डीजे के साथ निकाली गई। रावण का पुतला को पैदल चलाते हुए गांव के कुम्हारपारा, शीतला चौक होते हुए बस स्टैंड चौक रंगमंच पहुंचे। जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंच पर बतौर अतिथि जनपद सदस्य बनीता सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य मोतीलाल सिन्हा, सरपंच दुर्गा सिन्हा, उपसरपंच दीपक चक्रधारी, ग्रामीण अध्यक्ष लीलेश साहू, उपाध्यक्ष मुकेश साहू, सचिव ख़ूबलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष राजेश सिन्हा, पूर्व सचिव प्रमोद सिन्हा, लीला मंडली के अध्यक्ष अध्यक्ष माधवराम साहू, उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, धनसिंह सेन, पं. विजयशंकर शर्मा, नरोत्तम सिन्हा आदि ने मुकुट पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पश्चात जनपद सदस्य बनीता सिन्हा, सरपंच दुर्गा सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष लीलेश साहू, राजेश सिन्हा ने विजयदशमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि रामलीला में रावण का दहन करने का मतलब बताते हुए कहा कि यह पर्व हमें अपने मन के अंदर व्याप्त बुराईयां रूपी रावण का अंत कर गांव, समाज में सत्य की राह पर चलकर आपसी भाईचारे की भावना स्थापित करना सीखाता है। ताकि हमारा गांव आदर्श ग्राम बन सके। रामलीला मंडली को प्रोत्साहित करने जनपद सदस्य बनीता सिन्हा ने 20 हजार रुपये देने की घोषणा की। मंच संचालन मोती विश्वकर्मा ने किया। तत्पश्चात बाल लीला मंडली के कलाकार नरेंद्रदास मानिकपुरी, विजयशंकर शर्मा, माधवराम साहू, मिथलेश सार्वा, व्यासनारायण साहू, चोवाराम साहू, कमलेश साहू, महेशु साहू, शिव चक्रधारी, देवेंद्र साहू, खेलन, हर्षकुमार सिन्हा, देवांशी, कल्पना आदि ने रामलीला का शानदार मंचन कर बरसते पानी में 11 फीट रावण का दहन किया। संगीत में भानूराम सार्वा, बुधराम ध्रुव, खेलन साहू, हुमेन्द्र सिन्हा, डोमार साहू, पुनीत साहू आदि ने विशेष सहयोग किया। जिसे देखने सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे। रावण वध पश्चात सभी ने एक-दूसरें रैनी भेंट कर बधाई दी।

# संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस आब्जर्वर आज कुरुद में लेंगे बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का नये सिरे चयन के लिए एआईसीसी द्वारा चयनित आब्जर्वर प्रभारी राजस्थान के पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त रेहाना रियाज चिश्ती, सह प्रभारी पूर्व कैबिनेट राज्यमंत्री छग शिव डहरिया, विधायक लालजीत सिंह राठिया, पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल बंजारे द्वारा ज़िले के समस्त ब्लाक में बैठक लिया जा रहा है। जिसके तहत कुरुद में 6 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे स्थानीय काली मंदिर में बैठक लेंगे। बैठक में पूर्व विधायकगण, प्रदेश, जिला, ब्लाक कांग्रेस पदाधिकारियों, क्षेत्र के



समस्त जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठगण, समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया है। जिसकी तैयारी को लेकर जिला पंचायत सदस्य व जिला प्रवक्ता नीलम चन्द्राकार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेशर साहू, ब्लाक कांग्रेस प्रशासनिक महामंत्री चन्द्रप्रकाश देवांगन, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष व विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत साहू, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री कांग्रेस महिम शुक्ला, पप्पू राजपूत आदि ने बैठक ली।

# घुरावड़ में धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी ब्लॉक के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम घुरावड़ में विजयादशमी का पर्व चार अक्टूबर को पारंपरिक हर्षोल्लास, सांस्कृतिक गरिमा और समाजिक एकता के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर आयोजित रामलीला मंचन ने समस्त ग्रामवासियों और आगंतुकों का मन मोह लिया। राम-रावण युद्ध के जीवंत मंचन के माध्यम से अधर्म पर धर्म की और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश समाज को दिया। वही ग्राम के सरपंच महेश नेताम ने

■ रामलीला मंचन बना आकर्षण का केंद्र



रावण की भूमिका निभाकर अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके प्रभावशाली संवादों ने मंचन में प्राण फूंके और यह प्रस्तुति आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही। मंचन के उपरांत महेश नेताम ने कहा, हमें जीवन में सदैव सच्चाई और सदाचार का साथ देना चाहिए, क्योंकि अंततः जीत सत्य की ही होती है। इस अवसर पर आयोजित समारोह की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मौसमी मंडावी रहीं, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयां प्रदान की। उन्होंने कहा हमें समाज और क्षेत्र के विकास के लिए सच्चाई के मार्ग पर चलना होगा। शिक्षा का प्रकाश ही हमारे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल कर सकता है। नशा समाज के पतन का कारण है, अतः बुरी आदतों को त्याग कर अच्छी आदतों को अपनाएं। जब हम अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देंगे, तभी समाज और देश प्रगति करेगा। भगवान श्रीराम के जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि सत्य की राह कठिन जरूर होती है, लेकिन अंत में विजय उसी की होती है।

रामलीला के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण एवं वानर सेना के जयघोष से समस्त ग्राम भक्तिभाव में सराबोर हो गया। वहीं रावण की सेना द्वारा प्रस्तुत आदिवासी पारंपरिक नृत्य ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शीतला समिति ऊपरपारा घुरावड़ के कृष्णा नेताम, मनबोध नाग, डिकेंस कोर्राम, पुसऊ राम मरकाम, नारायण सिंह मरकाम, रिसऊ राम कोर्राम, महेश नेताम सरपंच, भगवानदीन शोरी एवं ग्राम के युवाओं, महिला पुरूष सहित समस्त शीतला समिति घुरावड़ के पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# सेमरा में जोत-जंवारा व दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन सेमरा (भखारा)के शीतला माता एवं दुर्गा पंडालों में बोए गए ज्योत जंवारा तथा समितियों द्वारा स्थापित माँ दुर्गा प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन किया गया। गुरुवार को परंपरानुसार ग्राम सेमरा (भखारा) में क्वांर नवरात्र पर शीतला माता में ज्योत-जंवारा का मां के भक्तों ने जसगीत मंडलियों व डीजे के साथ नाचते-गाते धूम-धाम से विसर्जन किया गया। इस दौरान जोत-जंवारा एवं मां अम्बे का दर्शन करने गांव के श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

ग्राम सेमरा(बी) की आराध्य देवी माता शीतला में ग्रामवासियों ने



जोत जला जंवारा बोया था। जिसका अष्टमी पर हवन-पूजन के पश्चात बुधवार को विसर्जन यात्रा निकाली गई। जोत-जंवारा के आगे-आगे सेवा मंडलियों द्वारा जसगीत का गान करते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। वहीं कई महिला एवं पुरूषों पर देवी-देवता विराजने से वे झूमते रहे। जिसे देखने भीड़ उमड़ी और पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ जगह-जगह स्वागत व पूजा-अर्चना कर तालाब में जंवारा विसर्जित किया गया। कई लोगों ने इस अवसर पर मित्रता को प्रगाढ़ बनाने भोजली बधने की रश्म निभाई। जबकि दशहरे के दिन गुरुवार को गांव के बस स्टैण्ड चौक में बालक दुर्गोत्सव समिति एवं रामसागर पारा में नवएकता दुर्गोत्सव



समिति द्वारा स्थापित किए दुर्गा की प्रतिमाओं का खारुन नदी में विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की आंखे नम हो गई।

## दुर्गा माता की प्रतिमाओं का गौरा तालाब में विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शारदीय नवरात्रि के नवमी हवन यज्ञ पूर्णाहुति नौ कन्या भोज के बाद दशमी को दुर्गा माता के मूर्तियों को गली भ्रमण के बाद तालाब में विसर्जन किया गया। ग्राम राजपुर में पुराना पारा शीतला चौक, गांधी चौक स्कूल पारा, बीच पारा एवं तिरंगा चौक सहित चार जगहों में माता दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई है। बुधवार को सभी दुर्गा पंडालों में हवन यज्ञ पूर्णाहुति दी गई तथा नौ कन्या भोज कराई गई। दशमी गुरूवार को दुर्गा माता के मूर्तियों को ट्रेक्टर में सवार कर सेवा जस गीत के साथ गांव का भ्रमण कराया गया। गली भ्रमण के दौरान जय माता दी की जयकारे गूंजते रहे। मूर्तियों को गौरा तालाब में विसर्जन किया गया।



इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद, वासदेव सिन्हा, राजेन्द्र यदु, रोहित पटेल, राजू निषाद, दुर्गेश यादव, रमेश्वर साहू, होरीलाल निषाद, यशवंत साहू, हुकुम यादव, पुरुषोत्तम सिन्हा, गणेश ध्रुव, देवलाल कंवर, नंदलाल निषाद, संतू यादव, थानू निषाद, जितेन्द्र कंवर, सुकुल साहू, सुंदर निषाद, सोमनाथ यादव, निर्मल सिन्हा, डीहू साहू, केदार साहू, कुलेश्वर टेलर, टिकेश यादव, बुद्धदेव ध्रुव,दोनेश्वर, कमल साहू, उमेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## महापौर ने हाईटेक बस स्टैंड, नालंदा परिसर व चौपाटी स्थल का किया निरीक्षण

**धमतरी।** महापौर रामू रोहरा ने शुक्रवार को स्पीकर कौशल्या देवांगन, आयुक्त प्रिया गोयल, एमआईसी सदस्य और पार्षदों के साथ मिलकर शहर के प्रमुख विकास स्थल हाईटेक बस स्टैंड, नालंदा परिसर और कांटा तालाब में चौपाटी स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े दिशा निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी ताकि धमतरी का समग्र और चौमुखी विकास किया जा सके। महापौर रामू रोहरा ने बताया कि नगर निगम चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को अमलीजामा पहनाने के लिए युद्धस्तर पर जुटा है। खपरी के हाईटेक बस स्टैंड के लिए राज्य सरकार ने 17 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं, जबकि हटकेशर में नालंदा परिसर के लिए 5 करोड़ की मंजूरी मिली है। इसके अतिरिक्त कांटा तालाब में बनने वाली चौपाटी के लिए 2 करोड़ की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। रामू रोहरा ने बताया कि बस स्टैंड क्षेत्र में रैन बसेरा सहित पूरी व्यवस्था का जायजा लिया गया, साथ ही बठेना हरफतराई नहर में प्रस्तावित बाईपास रोड का निरीक्षण कर इसे जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। यह रोड क्षेत्रवासियों के आवागमन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। कांटा तालाब की चौपाटी निर्माण परियोजना से न केवल शहर का सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि यह स्थान मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी उपयुक्त बनेगा। 196.27 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से यह परियोजना शीघ्र शुरू होगी।

## निधन : पुष्पाबाई साहू

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा की निवासी श्रीमती पुष्पा बाई साहू 82 वर्ष का



निधन 4 अक्टूबर शनिवार को हो गया। वे रोहित कुमार साहू एवं होमन लाल साहू की माताजी थी। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम डांडेसरा के शांति घाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


SHRI KHATU SHYAM JYOTISH
15 वर्षों से आपकी सेवा में
प्रतिक्षा कक्ष
प्रतिक्षा कक्ष
पूजा स्थान
परामर्श कक्ष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान
पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
• नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
• व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
• मकान - संतान योग
• दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
• कालसर्प दोष निवारण
• प्रेम विवाह, मोहनी
• मांगलिक दोष निवारण
बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060
असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

## खबर संक्षेप

### राशन विक्रेताओं की पदयात्रा रायपुर के लिए हुई रवाना

**चारामा।** प्रदेशभर के राशन विक्रेताओं ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानें 1 अक्टूबर से बंद रखने के बाद अब विक्रेता संघ के बैनर तले रविवार को बस्तर संभाग के राशन विक्रेता चारामा में एकत्र हुए। पूजा-अर्चना और सभा के बाद विक्रेता राजधानी रायपुर के लिए 125 किलोमीटर की पदयात्रा पर रवाना हुए। राशन विक्रेताओं ने बताया कि लंबे समय से सरकार से समस्याओं के समाधान और कमीशन वृद्धि की मांग की जा रही है, लेकिन पहल नहीं होने पर यह कदम उठाना पड़ा है।

### शरद पूर्णिमा में आज गरबा नृत्य

**चारामा।** जय अम्बे माँ गरबा समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी 06 अक्टूबर सोमवार को शरद पूर्णिमा का पर्व गरबा नृत्य और खीर वितरण के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर रात्रि साढ़े 6 बजे माता की आरती के साथ गरबा नृत्य का शुभारम्भ होगा, जो की रात्रि 12 बजे तक होगा। रात्रि 12 बजे बाद अमृत वर्षा के बाद खीर प्रसादी का भोग माँ को अर्पण करने के बाद खीर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। समिति के द्वारा आयोजन को लेकर शनिवार को बैठक आयोजित की गई। शरद पूर्णिमा पर प्रतिवर्ष बढ़ती भीड़ के चलते इस वर्ष 150 लीटर दूध का खीर प्रसाद बनाया जाएगा।

### गढ़िया के पंचायत भवन में मनाई गई गांधी जयंती

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत गढ़िया के पंचायत भवन में गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पुष्पांजलि के साथ महात्मा गांधी की तस्वीर के सामने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान ग्रामीण उपस्थित थे। सरपंच भरत कश्यप ने कहा कि बापू का व्यक्तित्व कृतित्व अनुकरणीय है। इस दौरान उपसरपंच संतू कश्यप,चेतन ग्वाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

जोहार नाइट : गरबा डांडिया, ग्रुप गेम्स, ग्लेमरस रैंपवॉक, डांस, म्यूजिक का रहा संगम

# महानगरों की तर्ज पर कुरूद में आयोजित हुआ ट्रेडिशनल प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





महानगरों की तर्ज पर पहली बार कुरुद में युवाओं की एक टीम ने जोहार नाईट कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां देर रात तक प्रतिभागियों ने गरबा डांडिया, ग्रुप गेम्स, ग्लेमरस रैंपवॉक एवं अन्य फन एक्टिविटी का भरपूर आनंद उठाया। बतौर अतिथि शामिल हुए विधायक अजय चन्द्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने आयोजन की सराहना करते हुए युवाओं की हौसला अफजाई की।

शनिवार शाम महानदी किनारे स्थित एक रेस्टोरेंट में जोहार नाइट का आयोजन किया गया। जिसमें खुशनुमा पारिवारिक और फ्रेंडली माहौल में ग्रैंड मस्ती, बालीवुड, छालीवुड, भक्ति भाव के साथ संगीतमय शाम में अपने आराध्य को मनाने के लिए नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया। इसके अलावा कपल्स ने, वेलकम ड्रिंक से लेकर नाईट डिनर के साथ रंगारंग कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया। बतौर अतिथि के तौर पर अपनी धर्म पत्नियों के साथ मंच पर पहुंचे विधायक अजय-प्रतिभा चन्द्राकर, नपा अध्यक्ष ज्योति-भानु चन्द्राकर, पूर्व नपं अध्यक्ष रविकांत-निरुपा चन्द्राकर, राइस मिल एसोसिएशन संरक्षक अनिल-रीता चन्द्राकर ने युवा टीम की इस पहल का स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, अशोक पवार, शिवप्रताप ठाकुर, सौरभ चंद्राकर, ज्योति मगर, अनुभूति चन्द्राकर, आदिति गोस्वामी, नेहा ठाकुर, आदिति साहू, प्रसन्ना नायडू आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बादल चन्द्राकर, विक्रांत ठाकुर, नम्रता-शिखर चन्द्राकर, करण, पावस, शाहिल, सत्यम, प्रत्युष चन्द्राकर, राहुल वर्धयानी, युवराज सोनकर, मयंक, शिवांश शुक्ला, सन्नी शर्मा, विक्की, खिरीराज साहू, सियाराम का विशेष योगदान रहा।

### ऐसे आयोजन से नई पीढ़ी के भावनाएं होती हैं प्रदर्शित : अजय

विधायक अजय चंद्राकर ने कुरुद में नई सोच के साथ पहली बार हुए इस आयोजन को लेकर कहा कि नई पीढ़ी को भी अपनी भावनाओं को प्रदर्शित करने मनपसंद आयोजन की छूट मिलनी चाहिए, लेकिन उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इससे मर्यादा और संस्कृति को कोई नुकसान ना पहुंचे। आगे भी इस तरह के प्रोग्राम करते रहने की बात कहकर युवाओं को उन्होंने प्रोत्साहित किया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ी सहित सात भाषाओं में बनी फिल्म जानकी के डायरेक्टर मोहित साहू के निर्देश पर छालीवुड के सितारे अनुकृति चौहान, डीलेश साहू और रितिका यादव ने अपनी फिल्म का प्रमोशन किया।

## राष्ट्रीय एथलेटिक्स स्पर्धा में कमलेश फेंकेंगे गोला

- चौथे नेशनल मास्टर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में कंडेल महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



राष्ट्रीय खेलों में प्रतिनिधित्व में महाविद्यालय कंडेल एक बार फिर चर्चा में है। महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर कमलेश कुमार दीवान का चयन चौथे नेशनल मास्टर स्पोर्ट्स और गेम्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता 2025 के लिए हुआ है।

एथलेटिक्स स्पर्धा गुजरात के सूरत शहर में 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2025 तक होगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व कमलेश कुमार दीवान करेंगे। नेशनल मास्टर स्पोर्ट्स और गेम्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता के गोला फेंक में वे अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। कमलेश कुमार दीवान का कहना है कि उसे राज्य का प्रतिनिधित्व मिलना स्वयं में अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व कंडेल महाविद्यालय से बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र हेमचंद साहू का चयन राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी प्रतियोगिता, राज्य स्तरीय यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 में बीए द्वितीय के छात्र उदय गड़ेवाल ने गोला फेंक में गोल्ड मेडल तथा तवा फेंक में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। महाविद्यालय के प्राचार्य रवीश दास तथा असिस्टेंट प्रोफेसर कमलेश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा जगत के सदस्य भी खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। यह चयन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। महाविद्यालय के छात्र-छात्रा, स्थानीय नागरिक, जनभागीदारी समिति के पदाधिकारी सदस्यगण तथा महाविद्यालय परिवार ने राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए अग्रिम शुभकामना दी है।

## पूरी निष्ठा से क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करूंगा : रामू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम तेलीनसत्ती में ग्रामीण दुर्गा उत्सव समिति द्वारा महापौर जगदीश रामू रोहरा का स्वागत एवं सम्मान किया गया। ग्रामीणों ने महापौर के जनहित कार्यों और विकासशील नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री रोहरा के नेतृत्व में धमतरी और आस-पास के गांवों में विकास की गति तेज हुई है, जिससे आमजन को लाभ मिल रहा है। अपने उद्बोधन में महापौर श्री रोहरा ने कहा कि जनसेवा ही मेरा धर्म है। आपका विश्वास ही मेरी शक्ति है और मैं पूरी निष्ठा से क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करता रहूंगा। मौके पर समिति के सदस्य दिनेश साहू, राकेश सिन्हा, भूपेश सिन्हा, खिम्मन साहू, ओमप्रकाश साहू, धीरेंद्र सिन्हा, गणेश सिन्हा, भीमन सिन्हा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## परेवाडीह में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर में 300 लोगों की जांच, 25 ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम परेवाडीह में वात्सल्य सृजन यूथ ऑर्गनाइजेशन, नवयुवक मंडल परेवाडीह एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच नारद साहू व अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में लगभग 300 ग्रामीणों की शुगर, बीपी, ब्लड ग्रुप, एनीमिया एवं अन्य रोगों की जांच की गई। वहीं 25 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। यह आयोजन सेवा पखवाड़ा के तहत स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत हुआ।

चिकित्सकीय सहयोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुजरा व मानस सेवा ब्लड बैंक धमतरी ने प्रदान किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.डी. साहू ने कार्यक्रम की सराहना की। संस्था अध्यक्ष यशपाल साहू ने सहयोगियों के प्रति आभार जताया। संचालन शीतलेश साहू ने किया।

## ग्रामीण साहू समाज ने दिया स्वच्छता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭(बगदेही)धमतरी

ग्रामीण साहू समाज बगदेही ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सफाई अभियान चलाया। ग्रामीण साहू समाज एवं पदाधिकारियों ने मिलकर बाजार चौक, देव स्थल, सामाजिक भवन, कला मंच, गांव की गलियों, सड़क एवं चौक चौराहों पर साफ-सफाई की। साथ ही एक पेड़ मां के नाम लगाया।

ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष निराला साहू ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोलर पैनल के बारे में जानकारी दी। इस दौरान त्रिकुटी धाम परिक्षेत्र अध्यक्ष रामचंद्र साहू, घनश्याम साहू, नरेश साहू, जितेंद्र साहू, दीपक साहू, युवराज साहू, नरसिंग साहू, छबिलाल साहू, ईश्वरलाल साहू, अनकराम साहू, ईशु साहू, अमित साहू, गजेंद्र साहू, मानकी बाई साहू, भोज बाई साहू मौजूद थे।

किसानों को हुआ लाखों का नुकसान आवक कम होने से बाजार में रेट बढ़े

# अनियमित बारिश से हरी सब्जियों की फसल तबाह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अंचल में बीते कुछ दिनो से हो रही अनियमित बारिश से किसानों के मेहनत पर पानी फेर दिया है। बाड़ियों में लगे टमाटर, भिंडी, लौकी, करेला, कद्दु, बरबटी, ग्वारफली जैसे फसलें जलभराव से झड़ गई हैं। कई किसानों ने 5 से 6 एकड़ में सब्जी की फसल लगाई थी। जो दशहरा दीवाली में अच्छा लाभ देने की उम्मीद थी। कृषक भोलाराम साहू, बलदेव निषाद ने बताया कि बारिश ने उनकी बाड़ी की फसल चौपट कर दी है। पौधे गल गए है। फलियां खराब हो गई है। जिससे बाजार में रेट कम मिल रहा है। अच्छी सब्जियों की मांग बढ़ गई इसलिए रेट बढ़ा है।

शहर के इतवारी बाजार में सब्जी बेच रहे पसरा व्यवसायी अधनतीनबाई पटेल, चेतन पटेल ने बताया कि रविवार को आवक कम होने से सब्जियों के दाम 10 से 20 रुपए किलो बढ़ गए। कुछ सब्जियां 80 से 100 रुपए किलो तक पहुंच गए। उन्होंने बताया कि रविवार को मुनगा, हराधनिया 200 रुपए किलो रहा। बिंस, खेखसी 150 रुपए किलो बिका। ढेंस, प्याजभाजी 100 रुपए किलो रहा। गोभी, शिमला, परवल, कटहल 80 रुपए किलो बिका। पालक, लालभाजी 60 रुपए किलो रहा। गाजर, कुंदरू, करेला, बरबटी, भिंडी, मिर्च, कोचई 50 रुपए किलो रहा। भटा, पत्तागोभी, डोड़का, तोरई, मूली 40 रुपए किलो बिका। कुम्हड़ा, केला 30 में बिका तो टमाटर 20 रुपए किलो रहा। लौकी 10 रुपए किलो बिका।

### आलू प्याज 25 रुपए किलो

किराना सामानो में आलू 25, प्याज 25, शक्कर 46, गुड़ 55, हल्दी 200, मिर्च 200, धनिया 120, जीरा 250 रूपए किलो रहा। किराना व्यापारी देवजी रामजी भाई ने बताया कि मसालों का रेट कुछ बढ़ा है, शेष किराना समान यथावत है। उन्होंने बताया कि कालीमिर्च 800, लहसून 100, रिफाइंड तेल 125, सरसों 75, मेथी 80, रहरदाल 110, मूंगदाल 100, उड़ददाल 100, मसूरदाल 90, चना 80, काबूली 110-140, मटर 60-80, चनादाल 85, पोहा 45, मसूर खड़ा 80 रुपए किलो बिका। अंडा 75 रुपए दर्जन रहा।

## प्रदेश उपाध्यक्ष ने भाजपाइयों के साथ किया निर्माणाधीन अटल चौक का निरीक्षण



- अटल जी की प्रतिमा छत्तीसगढ़ निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान का स्मरण कराती रहेगी : रंजना साहू
- जयंती के पूर्व निर्माण कार्य पूरा करने अधिकारियों को दिया गया है टारगेट : नरेंद्र रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के बायपास मोड़ पर निर्माणाधीन अटल चौक का मंगलवार को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रंजना साहू एवं नगर निगम सभापति द्वय नरेंद्र रोहरा एवं विजय मोटवानी ने भाजपाइयों के साथ निरीक्षण किया। यह चौक नगर के प्रवेश पर बनाया जा रहा है, जिसको लेकर भाजपा के डेलीगेशन ने निरीक्षण कर कार्य का जायजा लिया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा प्रदेश के निर्माता स्व अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य प्रतिमा छत्तीसगढ़ के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान का स्मरण कराती रहेगी। प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार द्वारा हर जिले हर ब्लॉक में अटल जी की प्रतिमा लगाने का फैसला उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए उनके द्वारा किए राष्ट्र हित में कार्यों को याद कराता रहेगा। धमतरी के प्रवेश पर अटल जी की यह प्रतिमा जल्द ही लोकार्पित होगी। नगर निगम सभापति नरेंद्र रोहरा ने कहा अटल जी की प्रतिमा का यह कार्य जल्द पूर्ण होगा और जनता को समर्पित होगा। उनकी जन्म जयंती से पूर्व इस कार्य को पूर्ण करने नगर निगम धमतरी पूरी तन्मयता से इस कार्य को पूर्ण करेगा ऐसा आश्वासन सभापति द्वय ने दिया।

# सेवा ही संकल्प का संदेश : प्रकाश बैस

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



भारतीय जनता पार्टी धमतरी के जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने अपने जन्मदिवस को इस बार भव्य समारोह से दूर रहकर समाजसेवा को समर्पित किया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सांकरा पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

ग्राम सांकरा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला और नारों के साथ प्रकाश बैस का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत उपरांत वे पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने एक-एक मरीज से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और आत्मीय भाव से फल वितरित किए। उनके इस सेवा कार्य ने उपस्थित सभी लोगों के बीच प्रेरणा का संदेश दिया कि जनसेवा ही भारतीय जनता पार्टी का वास्तविक संस्कार है।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रविशंकर दुबे, कमल डागा, हृदय साहू, प्रेमलता नागवंशी, राजेशनाथ गोसाई, रूपेंद्र साहू, दीपक साहू, गिरवर भंडारी, महेश साहू, सती मरकाम, जनमेजय साहू, हेमलता साहू, नागेंद्र बोरझा, रमेश साहू, पवन साहू, साधुराम साहू, अमेश नेताम, बिशाल ध्रुव, सकून साहू, चित्रांश नागवंशी सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

श्री बैस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के मंत्र को जीवन में अपनाता है। जन्मदिन जैसे निजी अवसरों को भी समाजहित के कार्यों में बदलना हमारी पार्टी की संस्कृति है। उन्होंने कहा कि गरीब मरीजों और असहायों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही उनके लिए सबसे बड़ा उपहार है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
7 अक्टूबर दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
8 अक्टूबर दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
समय : सुबह 10:30 से 3 बजे
पाईल्स लेज़र चिकित्सा
पाईल्स, फिशर, फिस्चुला एवं क्षारसूत्र चिकित्सा
बवासीर के कुछ सामान्य लक्षण :
• गुदा मार्ग में दर्द एवं खून आना (Anal Pain & Bleeding)
• गुदा मार्ग में जलन का होना (Burning Sensation)
• गुदा मार्ग में मवाद आ आना (Pus Discharge)
• कपड़े का हमेशा गीला रहना
• अच्छे से पेट साफ न होना
पेट रोग (पेट साफ न होना/कब्ज, गैस)
• Fatty Liver, गैस, Gred, IBS, Amoebiasis
• पेट में जलन, ठकार, पेट फूला-फूला लगना
• ऐसा लगना की पूरा पेट साफ नहीं हुआ और
• बार-बार जाने की इच्छा होना
लेजर चिकित्सा पर 50% की छूट
गुदागत रोगों जैसे पाईल्स, भगंदर और फिशर आदि का सफलतम उपचार अत्यंत लाभकारी आधुनिक लेज़र चिकित्सा द्वारा किया जाएगा।
स्थायी पता : मिरैकल्स पाईल्स एवं डेंटल क्लीनिक
शॉप नं. 19, हाउसिंग बोर्ड, कमर्शियल कॉम्पलेक्स, चौपाटी के पास, शंकर नगर, रायपुर
असुविधा से बचने के लिए कृपया अग्रिम पंजीयन करें- 7869048192
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर